तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
साहू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उद्योग मंत्री देवांगन ने किया सम्मानित



## खबर संक्षेप

### डीएलसीसी व डीएलआरसी की बैठक कल

**कोरबा।** मार्गदर्शी बैंक योजना अंतर्गत जिला स्तरीय सलाहकार समिति, जिला पुनरीक्षा समिति की बैठक कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में 6 फरवरी को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष कोरबा में आयोजित की गई है। प्रबंधक मार्गदर्शी बैंक कोरबा ने बताया कि बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं हेतु वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी और पीएमएफएमई योजना पर चर्चा, जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कोष, पीएम सूर्यघर योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएम विश्वकर्मा एवं पीएम स्वनिधि योजना पर भी चर्चा की जाएगी। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण और पशुपालकों, मत्स्य पालकों एवं उद्यानिकी हेतु किसान क्रेडिट कार्ड पर भी चर्चा की जाएगी।

### बेलाकछार में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**कोरबा।** ग्राम बेलाकछार बालको में विगत 11 वर्षों की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक युवा समिति के तत्वाधान में बालको राम मंदिर के समीप किया जा रहा है।
प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 30 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 20 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार 12 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 7 हजार रुपए के अलावा बेस्ट रेडर को 1 हजार रुपए, बेस्ट कैचर को 1 हजार रुपए, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 2 हजार रुपए एवं सर्वश्रेष्ठ अनुशासित टीम को 2 हजार रुपए का पुरस्कार एवं शील्ड के साथ साथ सभी विजेता टीम को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 301 रूपये एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 5 फरवरी रखा गया है। युवा समिति के सचिव लिलेश्वर शर्मा ने जिले के कबड्डी खिलाड़ियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए अपील किया है।

### आईटीआई में पीएमएनएम का आयोजन 9 को

**कोरबा।** अप्रेंटिसशिप योजनान्तर्गत प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएम) का आयोजन 9 फरवरी को आईटीआई कोरबा में किया जा रहा है। आईटीआई कोरबा से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राइम मिनिस्टिर नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योगों/ प्रतिष्ठानों एवं आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षाणार्थियों का नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम में पंजीयन एवं नियोजन किया जायेगा। अप्रेंटिसशिप मेला में जिला अंतर्गत उद्योग/प्रतिष्ठान के प्रतिनिधि एवं आईटीआई उत्तीण प्रशिक्षणार्थी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में 9 फरवरी को प्रातः 9 बजे उपस्थित होकर पंजीयन एवं नियोजन की कार्यवाही कर सकते हैं।

### क्षमता एवं विकास हेतु कार्यशाला सम्पन्न

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी डॉ.रविकान्त सिह राठौर के नेतृत्व में एचआईव्ही/एड्स जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम अंतर्गत इंटेसीफाईड आईईसी कैम्पेन के तहत जिले में सघन प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत एचआईव्ही/एड्स एवं एक्ट 2017 विषय पर एचआईव्ही/एड्स के साथ जी रहे लोगों की क्षमता एवं विकास हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कोएआरटी सेंटर कोरबा में में आयोजित किया गया। इस बैठक का उद्देश्य सभी एचआईव्ही/एड्स के साथ जी रहे लोगों में क्षमता विकास करना एवं उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जानकारी उपलब्ध कराना है।

# जंगल को आग से बचाने गांव में लगी पाठशाला, ग्रामीण संभालेंगे मोर्चा

## चैतमा परिक्षेत्र के सभी 17 बीटों के फायर वाचरों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

वनमण्डल कटघोरा के अंतर्गत वन परिक्षेत्र चैतमा के सबसे ज्यादा अग्नि घटना से प्रभावित परिसर रतखंडी में वृहद स्तर पर अग्नि सुरक्षा का प्रथम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों वन अधिकारियों, कर्मचारियों ग्रामवासियों, फायर वाचरों तथा वन प्रबंधन समितियों के सदस्यों व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाली तानाखार विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम रहे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार, कुलदीप सिंह मरकाम, विजय प्रभात कंवर, जनपद सदस्य अंशुल सिंह कंवर, दिलीप सिंह कंवर, सत्यनारायण पैकरा एवं सरपंच श्रीमती गीता बाई पोर्ते उपस्थित रहे। इस दौरान मंचस्थ अतिथि ने वनों की संरक्षण एवं संवर्धन मे सहयोग हेतु वन प्रबंधन समिति को महत्वपूर्ण बताया व वनों के महत्व वन ना रहने से होने वाले नुकशान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर वनमण्डलाधिकारी कटघोरा ने बताया कि जंगल से महुआ फूल, साल बीज एवं अन्य वन उपज इकट्ठा करने के लिए पेड़ के नीचे एवं आसपास आग न लगाएं, जंगल में खाना पकाकर या आग तापकर,जलती आग न छोड़े, वनों के निकट खेतों में कभी भी आग लगाकर न छोड़े, तेन्दुपत्ता की पैदावार बढ़ाने के लिए आग न लगायें। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा नृत्य, गायन, नाटक के माध्यम सें वनो के महत्व एवं वन अग्नि से होने वाले क्षति के संबंध मे प्रस्तुती दिया गया। कला जत्था टीम के कलाकारो द्वारा नृत्य एवं गायन के माध्यम से वन अग्नि से सुरक्षा पर प्रस्तुती दिया गया। वन परिक्षेत्र चैतमा द्वारा ग्राम रतखंडी मे वन अग्नि सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम से अग्नि सीजन में अग्नि दुर्घटना कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। वनमण्डलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा चैतमा परिक्षेत्र के सभी 17 बीटों के फायर वाचरों को फायर कीट के रूप में टी शर्ट,पानी बाटल, टार्च, गमझा, जूता प्रदाय किया गया तथा वन अधिकारियों द्वारा सभी फायर वाचरों को फायर फाईटर मशीन से वन अग्नि पर नियंत्रण हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

**खास बात**
- अग्नि सुरक्षा कार्यशाला में उपस्थित रहे वन प्रबंधन समिति के सदस्य व ग्रामीण



## युवती को गंभीर अवस्था में बिलासपुर किया गया रेफर

# शादीशुदा युवक ने पहले प्रेमिका का गला को रेता फिर खुद के गले पर चलाया चाकू, युवक की मौत



घायल निशा।



मेडिकल अस्पताल में जांच करती पुलिस की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक शादीशुदा युवक बिलासपुर से अपनी प्रेमिका को लेकर कोरबा पहुंचा जहां दोनों के बीच विवाद हुआ और युवक ने अपने पास रखे चाकू से पहले प्रेमिका का गला रेत दिया और फिर अपने गले पर भी चाकू चला दी।

**खास बात**
- मंगलवार की रात बिलासपुर से युवक युवती पहुंचे थे ग्राम संडैल

जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से जख्मी युवती ने मोबाइल पर इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद बिलासपुर पुलिस ने इसकी सूचना कोरबा पुलिस को दी। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की अधिकारी मौके पर पहुंचे और युवक व युवती को देर रात को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां युवक को मृत घोषित कर दिया गया। युवती को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।



मृतक शुभम

पूरा मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर अशोक नगर निवासी शुभम नायडू 28 वर्ष पिता बीके नायडू मूलतः मध्यप्रदेश के कटनी का रहने वाला है उसने बचपन से बिलासपुर में अपने मामा के घर रहकर पढ़ाई की और वर्ष 2022 में बिलासपुर में ही रहने वाली नंदिता से प्रेम विवाह किया था। दोनों का दो साल का पुत्र रुद्रांश भी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में जो बात सामने आई है उसके मुताबिक शुभम नायडू एक निजी बैंक में काम करता था और बिलासपुर की कश्यप कॉलोनी पुराना बस स्टैंड बिलासपुर निवासी निशा उर्फ प्रतीक्षा श्रीवास पिता शिवकुमार श्रीवास उम्र 26 साल पूर्व में दोनों एक साथ काम किया करते थे और दोनों के बीच लंबे समय से अफेयर चल रहा था। जब नंदिता को उसकी जानकारी हुई तो शुभम और नंदिता के बीच इसी बात को लेकर अक्सर कहासुनी होती थी और 6 महीने से नंदिता अपने मायके में रहती थी। बताया जाता है कि मंगलवार की रात शुभम और उसकी प्रेमिका निशा उर्फ प्रतीक्षा बिलासपुर से बुलेट मोटरसाइकिल में सवार होकर मंगलवार की रात को उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम संडैल नहर में पहुंचे थे जहां अभी नहर में पानी नहीं होने से नहर के तल पर ही मौजूद थे।देर रात लगभग एक से डेढ़ बजे के बीच शुभम नायडू और निशा के बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि शुभम नायडू ने अपने पास रखे चाकू से पहले अपनी प्रेमिका निशा की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया और कुछ क्षण बाद शुभम ने अपनी गर्दन पर भी चाकू चला लिया।

### नंदिता लेने वाली थी तलाक

पुलिस के सूत्र बताते हैं कि शुभम नायडू का निशा से अफेयर चल आ रहा था। जब इसकी जानकारी नंदिता को हुई तो उसने इसे लेकर कई बार अपने पति शुभम से आपत्ति भी दर्ज की थी और नंदिता ने इस मामले को लेकर बिलासपुर के महिला परामर्श थाने में शिकायत भी कराई थी और इसे लेकर शुभम और नंदिता को लेकर कई बार काउंसलिंग भी हुई थी।नंदिता ने शुभम नायडू से तलाक लेने की इच्छा भी जाहिर की थी लेकिन शुभम तलाक लेना नहीं चाहता था। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से तहकीकात में जुटी हुई है।

### मामला किया गया दर्ज

प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का है। युवती के इशारे और मोबाइल चैट के आधार पर पुलिस ने मृतक शुभम के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के बाद मामला पूरी तरह से स्पष्ट होगा।

**-लखन पटले,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा

### पूजापाठ के लिए शुभम जाने वाला था उज्जैन

पुलिस के मुताबिक शुभम नायडू और उसकी पत्नी नंदिता नायडू के बीच कुछ ठीक नहीं चल रहा था। नंदिता को जैसे ही यह मालूम चला कि बिलासपुर में रहने वाली निशा उर्फ प्रतीक्षा से उसके पति शुभम नायडू का अफेयर चल रहा है इसे लेकर कई बार दोनों के बीच अनबन भी हुई थी और शुभम नायडू पूजा पाठ करने के लिए 4 फरवरी को ही उज्जैन जाने वाला था जिसके लिए उसने बाकायदा टिकट भी कराई थी। पहले वह अपने घर कटनी जाने वाला था। फिर अपने परिजनों के साथ उज्जैन जाने की तैयारी थी लेकिन उससे पहले ही यह घटना हो गई।

# मकान की दीवार तोड़ने के दौरान गिरी एक मजदूर की मौत, एक घायल



क्षतिग्रस्त दीवार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पुराने मकान के दीवाल को तोड़ने के लिए मजदूर लगाया गया था। तोड़ने के दौरान मकान का दीवाल अचानक गिर गया जिसकी जद में आने से एक मिस्त्री की मौत हो गई है जबकि एक अन्य मजदूर घायल हो गया है। घायल मजदूर को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**
- सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पथर्रीपारा बस्ती का मामला

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरपाली निवासी नरेश कुमार मिरी 35 वर्ष पिता राजकुमार मिरी अपने साथी दिलेश्वर बिंझवार के साथ मिलकर छोटा-मोटा ठेकेदारी का काम करता है। बताया जाता है कि नरेश व दिलेश्वर ने मिलकर सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पथर्रीपारा निवासी रामहरि राठौर के घर में मकान निर्माण का काम ठेका लिया हुआ था। 3 फरवरी की सुबह नरेश व दिलेश्वर मकान को तोड़ने के लिए अपने अन्य साथी कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे थे। शाम लगभग 4 बजे मकान को तोड़ने का काम किया जा रहा था कि इसी दौरान मकान का दीवाल अचानक भर भराकर सीधे नरेश के ऊपर जा गिरी और दिलेश्वर भी उसकी जद में आ गया। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके उपरांत वहां के लोगों की सहायता से नरेश कुमार मिरी और दिलेश्वर बिंझवार को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल दाखिल कराया गया। जहां इलाज के कुछ देर बाद ही नरेश कुमार मिरी की मौत हो गई। जबकि दिलेश्वर को उपचार मेडिकल हॉस्पिटल में चल रहा है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# फुटबॉल के हीरो बाईचुंग भूटिया पहुंचे कोरबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भारतीय फुटबॉल के महान खिलाड़ी एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराने वाले पूर्व स्ट्राइकर बाईचुंग भूटिया बुधवार को उर्जाधानी पहुंचे। उनके आगमन से पूरे जिले में खेल उत्साह अपने चरम पर दिखाई दिया। शहर के इंदिरा स्टेडियम मैदान में आयोजित इस विशेष बाल फुटबॉल कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के खेल प्रबंधकों, प्रशिक्षकों एवं स्थानीय आयोजक टीम द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के दौरान जिले के स्कूली बच्चों और युवा खिलाड़ियों ने अपने प्रिय फुटबॉल सितारे का गर्मजोशी और उत्साह के साथ स्वागत किया। आयोजन के तहत बच्चों द्वारा फुटबॉल से जुड़ी विभिन्न क्रीड़ा गतिविधियां, अभ्यास सत्र और प्रदर्शन मैच प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर स्टेडियम तालियों की ⏭ शेष पेज 2 पर

# अस्पताल से भागा स्थायी वारंटी

**कोरबा।** सूदूर वनांचल क्षेत्र से एक आरोपी को लेकर पुलिस मुलाहिजा कराने मेडिकल अस्पताल पहुंची हुई थी जहां आरोपी ने पुलिस कर्मी को चकमा देकर फरार हो गया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना लेमरू के अपराध क्रमांक 21/2018 धारा 294, 506 भादवि के आरोपी कंसरा निवासी रामदेव उर्फ रामकुमार पैकरा उम्र 22 वर्ष पिता मंगत राम पैकरा को 3 फरवरी को गिरफ्तार कर विधिवत न्यायिक स्थाई वारंट पर पेश किया गया था जो न्यायालय से जेल वारंट बनने के बाद जेल दाखिल के पहले आरोपी रामदेव का मुलाहिजा कराने जिला अस्पताल कोरबा लेकर गये हुए थे जहां मौका देख रामदेव वहां से भाग निकला। मामले में पुलिस ने धारा 262 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

# अश्लील वीडियो के नाम पर बार बार मांगता था पैसा, युवक ने लगाई थी फांसी, मामला दर्ज

**कोरबा।** एक युवक के मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेजकर बार बार पैसों की मांग कर परेशान किया जा रहा था। इस हरकत से परेशान युवक ने क्षुब्ध होकर दो साल पूर्व फांसी को गले लगा लिया था। इस मामले में जांच उपरांत पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बात**
- दो साल बाद जांच उपरांत मामला दर्ज

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 जनवरी 2023 को नोनबिर्रा बस्ती निवासी नितेश कुमार यादव उम्र 19 साल 12.30 बजे तालाब तरफ जाने को बताकर घर से निकला था जो वापस नहीं आने पर परिजनों ने पता करने तालाब की ओर गये जहां नितेश कुमार ने शिवसागर तालाब के बाजू परसा पेड में पीला रंग के गमछा में गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही में जुटी हुई थी। दीपका पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि किसी अज्ञात मोबाइल धारक के द्वारा नितेश कुमार को अश्लील ⏭ शेष पेज 2 पर

## महापौर ने दिखाई हरी झण्डी

# 35 तीर्थयात्रियों का दल अयोध्याधाम रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पार्षदों की उपस्थिति में श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत 35 तीर्थयात्रियों के दल को पवित्र अयोध्याधाम के लिए निगम कार्यालय साकेत भवन से रवाना किया। उन्होंने तीर्थयात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं तीर्थयात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें शुभकामना दी।



हरी झण्डी दिखाती महापौर।

प्रदेश सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहां से विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में बुधवार की सुबह 8 बजे महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने हरी झण्डी दिखाकर दल को रवाना किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का पवित्र अवसर आज प्राप्त हुआ है। उन्होंने कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी यात्रा को मंगलमय करें तथा श्रद्धालुजन रामलला के चरणों का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर तीर्थयात्रियों ने श्रीरामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य हितानंद अग्रवाल, अजय गोंड़, ममता यादव, पार्षद रामकुमार साहू, युगल किशोर कैवत्र्य, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, प्रकाश अग्रवाल, अरविंद सिंह, शंकर साहू, संजय भास्कर, संतोष यादव, छन्नू सिंह आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# किशोर चंद्र बने एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी लिमिटेड ने किशोर चंद्र पात्र को एनटीपीसी कोरबा का परियोजना प्रमुख नियुक्त किया है। उन्होंने 4 फरवरी से कार्यभार ग्रहण किया है। उनके पास पावर प्लांट संचालन, अनुरक्षण तथा परियोजना प्रबंधन के क्षेत्र में साढ़े तीन दशकों से अधिक का समृद्ध और विविध अनुभव है। इस नियुक्ति से पूर्व श्री पात्र मुख्य महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण) के रूप में कार्यरत थे, जहाँ उन्होंने परिचालन विश्वसनीयता को सुदृढ़ करने, सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने तथा अनुरक्षण उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनटीपीसी में अपने विशिष्ट करियर के दौरान उन्होंने संगठन की विभिन्न प्रमुख परियोजनाओं एवं संयुक्त उपक्रमों में अनेक महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी दायित्वों का निर्वहन किया है। श्री पात्र ने फरक्का, तालचर कानीहा, एनबीपीपीएल (नोएडा), ईआर–II मुख्यालय (भुवनेश्वर) तथा वल्लूर सहित एनटीपीसी की कई प्रमुख इकाइयों में सेवाएँ दी हैं। उन्होंने एनबीपीपीएल में परियोजना प्रमुख के रूप में भी सफलतापूर्वक दायित्व निभाया है। उनके योगदान से संयंत्र प्रदर्शन में सुधार, परिचालन दक्षता में वृद्धि तथा ⏭ शेष पेज 2 पर



किशोर चंद्र

## खबर संक्षेप



### विभिन्न प्रतियोगिताओं में 6 स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**कोरबा।** विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंद्ध सरस्वती शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में देवपुत्र बाल महोत्सव सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्यालय सीएसईबी में आयोजित किया गया था। जिसका समापन बुधवार को किया गया। इस दौरान चित्रकला, निबंध, तात्कालिक भाषण, सुनो कहानी, सुनो कविता का आयोजन हुआ। जिसमें 6 विद्यालय से 290 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बाल महोत्सव के संयोजक जोगेश लाम्बा, सह-संयोजक राजकुमार देवांगन, सदस्य संजय देवांगन, पंकज तिवारी, विद्यानंद पाण्डेय, ओमकार शुक्ला, लक्ष्मीनारायण जायसवाल, दीपचंद जंघेला, श्रीमती सुष्मा बारस्कर उपस्थित रहे।

### सम्माननिधि केवायसी व फार्मर आईडी आवश्यक

**कोरबा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत आगामी 22वीं किस्त का लाभ प्राप्त करने के लिए जिले के किसानों को अब अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी, आधार सीडिंग और एग्रीस्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी निर्माण जैसे कार्य पूर्ण कराने होंगे। शासन द्वारा शीघ्र ही अगली किस्त जारी किया जाना प्रस्तावित है, लेकिन तकनीकी औपचारिकताएं अधूरी होने की स्थिति में पात्र किसान भी लाभ से वंचित हो सकते हैं। इसे देखते हुए उप संचालक कृषि, जिला कोरबा ने जिले के समस्त कृषक परिवारों से अपील की है कि वे समय रहते इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लें।

### युवा विकसित भारत के निर्माण में निभा रहे अहम भूमिकाः प्रेमचंद



**हरदीबाजार।** शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार का सात दिवसीय एनएसएस कैंप संस्था के प्रमुख प्राचार्य डॉ एमएम वैष्णव के निर्देशन पर ग्राम उतरदा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भादरापारा (उतरदा) में लगा हुआ है। जिसमें प्रथम दिवस उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल, विधयक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा विशिष्ट अतिथि, ग्राम सरपंच श्रीमती लक्ष्मी बाई मरावी, उप सरपंच राकेश जायसवाल एवं मन्नू राठौर उपस्थित रहे। विधायक प्रेमचंद पटेल ने सभी युवाओं से कहा कि आप सभी युवा ही नए राष्ट्र, विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं और राष्ट्रीय सेवा योजना के एनएसएस कैंप थीम छुआछूत और नशा मुक्त समाज के लिए युवा की भूमिका पर सभी स्वयं सेवको को इन सब से दूर रहने लोगों के बीच जागरूकता फैलाने को कहा और सभी स्वयं सेवको को टी शर्ट, बैच, एनएसएस डायरी देकर शुभकामनाएं दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकरी डॉ केके दुबे ने सभी स्वयं सेवकों का मनोबल बढ़ाया।

## निधन

### उर्मिला तिवारी



**कोरबा।** कटघोरा के पास ढेलवाडीह निवासी रिटायर्ड हेड मास्टर लोमश प्रसाद तिवारी की पत्नी उर्मिला तिवारी (शांति) का 64 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे तखतपुर के नायब तहसीलदार अनिरुद्ध तिवारी और एसईसीएल कुसमुंडा में पदस्थ सौरभ तिवारी की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार 5 फरवरी को गृहग्राम ढेलवाडीह में सुबह 10 बजे होगा।

# परला गांव में तीन साल बाद भी सूखे नल, काग़ज़ों में बहता रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना (जल जीवन मिशन), जिसका नारा था हर घर जल, परला गांव में ज़मीनी हकीकत से कोसों दूर नज़र आ रही है। काग़ज़ों में योजना पूरी हो चुकी है, फाइलों में पानी बह रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि गांव के नलों से आज तक पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी।

परला गांव में करीब तीन साल पहले जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाई गई। घर-घर नल कनेक्शन लगाए गए और ग्रामीणों से आधार कार्ड, राशन कार्ड समेत तमाम ज़रूरी दस्तावेज़ भी जमा कराए गए। ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया कि अब उन्हें पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, लेकिन साल दर साल बीतते चले गए और यह भरोसा एक झूठे वादे में तब्दील हो गया। गांव में लगभग हर घर में नल तो मौजूद है, लेकिन वह सिर्फ़ शोपीस बनकर रह गया है। ग्रामीण आज भी दूर-दराज़ से पानी लाने को मजबूर हैं। हालात और बदतर तब हो गए जब गांव का पंचायत बोर भी कई दिनों से खराब पड़ा है, जिससे पीने के पानी का संकट और गहरा गया है। नल-जल योजना से जुड़े घोटालों की गूंज पहले ही विधानसभा तक पहुंच चुकी है, लेकिन अब उसकी झलक परला गांव में साफ़ दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से योजना को काग़ज़ों में पूरा दिखा दिया गया, जबकि ज़मीन पर कोई ठोस काम नहीं हुआ।

### जल जीवन मिशन से हो रहा काम

**खास बातें**

- घर घर दिए गए हैं नल कनेक्शन
- पंचायत ने दिया है कार्य का भौतिक सत्यापन प्रमाण पत्र



### कुछ ही दूरी पर पीएचई कार्यालय

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि परला गांव से महज कुछ ही दूरी पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का कार्यालय मौजूद है। इसके बावजूद अधिकारी आसपास के गांवों में पूर्ण जल आपूर्ति का दावा कर रहे हैं, जबकि परला गांव के लोग आज भी बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायतें कीं, लेकिन नतीजा शून्य रहा। सवाल यह उठता है कि जब योजना पूरी हो चुकी है तो नलों में पानी क्यों नहीं है? क्या करोड़ों रुपये की यह योजना सिर्फ़ काग़ज़ों तक सीमित रह गई? परला गांव की यह तस्वीर न सिर्फ़ नल-जल योजना की पोल खोलती है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार पर भी बड़ा सवाल खड़ा करती है। अब देखने वाली बात यह होगी कि शासन-प्रशासन कब जागता है और परला गांव के लोगों को उनके हिस्से का हर घर जल कब नसीब होता है।

### 6 फरवरी की सुबह 10 बजे घंटाघर में जुटेगा कोरबा

# कोरबा को गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड दिलाने वार्ड के नागरिकों के साथ पार्षद भी देंगे सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी को गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड दिलाने के महासमर में नगर निगम के पार्षद अपने वार्ड के नागरिकों के साथ मिलकर अपनी सक्रिय सहभागिता प्रदान करेंगे।

**खास बात**

- स्वच्छता शपथ पर हस्ताक्षर कर गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड का हासिल करेगा ताज



पार्षदों की बैठक लेती महापौर।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सभापति नूतन सिंह ठाकुर, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। आयोजन पर विस्तार से चर्चा की तथा सबकी सक्रिय सहभागिता का आव्हान किया। उपस्थित पार्षदों ने करतल ध्वनि से आयोजन का स्वागत करते हुए इसमें अपनी पूरी सहभागिता देने एवं इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर कोरबा को सम्मान दिलाने की प्रतिबद्धता जाहिर की।

उल्लेखनीय है कि महासंकल्प 2026 के बैनर तले नगर निगम द्वारा स्वच्छता शपथ पर हस्ताक्षर के पुराने रिकार्ड को तोड़कर नया रिकार्ड बनाने एवं गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड कोरबा के नाम हासिल करने के लिए 6 फरवरी को घंटाघर से रविशंकर शुक्लनगर मुख्य मार्ग पर सुबह 10 बजे से वृहद आयोजन किया गया है। इस वृहद आयोजन में 10 हजार से अधिक हस्ताक्षर एक घंटे की समय सीमा में कराने का लक्ष्य है ताकि पुराने रिकार्ड को क्रेक कर एक नया रिकार्ड कायम किया जा सके। इस मौके पर उपस्थित पार्षदों ने आयोजन की सफलता के लिए अपने-अपने सुझाव भी रखें तथा आयोजन में सक्रिय सहभागिता व लक्ष्य को हासिल करने की अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। महापौर ने कहा कि कोरबा तथा यहां के नागरिक हर कठिन लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम है, हम निश्चित रूप से सबके सहयोग से इस लक्ष्य को हासिल करेंगे तथा कोरबा को गोल्डन बुक वल्ड रिकार्ड का ताज पहनाएंगे। बैठक के दौरान सभापति नूतन सिंह ठाकुर के साथ ही वरिष्ठ पार्षद नरेन्द देवांगन, हितानंद अग्रवाल, फिरतराम साहू, मुकेश राठौर, रविसिंह चंदेल, अजय कुमार चन्द्रा, अजय गोंड़, ममता यादव, धनकुमारी गर्ग, भानुमति जायसवाल, लक्ष्मण श्रीवास, सत्येन्द्र दुबे, युगल कैवत्र्य, पंकज देवांगन, मुकुंद सिंह कंवर, रामकुमार साहू, रूबीदेवी सागर सहित अन्य पार्षदगण निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

**कोरबावासियों की संकल्प शक्ति से हासिल करेंगे लक्ष्य**

आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि महासंकल्प 2026 के प्रथम आयोजन के रूप में एक बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यह आयोजन रखा गया है, हम कोरबा के अपने नागरिकबंधुओं, जनप्रतिनिधियों व सभी की संकल्प शक्ति से इस बड़े लक्ष्य को हासिल करेंगे। उन्होने कहा कि किसी भी बडे कार्य को करने का पहले विचार पैदा होता है, तत्पश्चात उस विचार को व्यवहार रूप में लाया जाता है और इसके बाद चमत्कार स्वरूप लक्ष्य हासिल होता है और यही चमत्कार वल्ड रिकार्ड बनाता है, निश्चित रूप से हमारा कोरबा यह रिकार्ड बनाएगा तथा लक्ष्य हासिल करेंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी भी उपस्थित पार्षदों को दी तथा सबकी सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया।

# ज्ञानोदय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रेमचंद व अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

बांकीमोंगरा क्षेत्र के ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांकीमोंगरा में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल सम्मिलित हुए। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य, देशप्रेम से ओतप्रोत नाटक और विभिन्न विषयों पर आधारित शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस दौरान विधायक प्रेमचंद पटेल ने विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे हम एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। छात्र न केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करें, बल्कि खेल और कला के क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा निखारें। 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विधायक के हाथों पुरस्कृत किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल सहित ज्ञानोदय शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. जे.पी चन्द्रा , वार्ड क्रमांक07 पार्षद राजकुमार मिश्रा, शिक्षा समिति के सचिव डी.के अग्रवाल, समिति के सदस्य विशेष अग्रवाल बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, युवा मोर्चा नेता सूरज मिश्रा, लक्ष्मी प्रसाद देवांगन, प्राचार्य छतराम चन्द्रा, शिक्षक दिवाकर नाहक, श्रीमती गीता देवांगन, पुष्पा कर्ष, सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, पत्रकार, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# कलचुरी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन



विदाई समारोह में उपस्थित छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गेवरा-दीपका

कलचुरी पब्लिक इंग्लिश हायर सेकन्डरी स्कूल झाबर दीपका में बुधवार को कक्षा 11वी के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वी के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर श्रीफल एवं पुष्पार्पण से पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात 11वी के विद्यार्थियों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया और कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के संचालक एवं प्राचार्या द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मोटिवेट करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई। कक्षा 12वी के विद्यार्थियों ने भी अपने विद्यालय के शिक्षकों द्वारा शिक्षा एवं संस्कार एवं जूनियर द्वारा मिले अनुभवों को सभी को बताया और शिक्षकों के बताये गए परामर्श पर अपने जूनियर को ध्यान केंद्रित करने के लिए सुझाव दिया गया और फिर कक्षा 11 वी के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान विद्यालय के संचालक भौनेन्द्र कुमार डहरवाल एवं रीता डहरवाल, प्राचार्या प्रतिभा यादव एवं उप प्राचार्य चिरंजीव कैवर्त एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

# स्व. केएल मेहता स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट 16 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्व. केएल मेहता स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का मंच सज चुका है। कोरबा प्रेस क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट इस बार अपने 21वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस वर्ष क्रिकेट का रोमांच अपने चरम पर होगा। कोरबा प्रेस क्लब ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है।

फिलहाल 16 फरवरी से लेकर 2 मार्च के मध्य इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष में घंटाघर ओपन थिएटर के मैदान को तैयार किया गया है। जहां फ्लड लाइट मैचेस होंगे। जिन्हें शाम ढलने के बाद दूधिया रोशनी में खेला जाता है। इस वर्ष टूर्नामेंट के आयोजन के लिए कोरबा प्रेस क्लब के प्रबंधकारिणी द्वारा खास तैयारी की गई है। यह टूर्नामेंट कॉर्पोरेट घरानो के साथ ही समस्त सरकारी विभागों को एक मंच पर लेकर आता है। स्व. केएल मेहता स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट में बालको, एनटीपीसी, सीएसईबी और अडानी पावर जैसे सार्वजनिक और औद्योगिक उपक्रम शामिल होंगे। इसके अलावा जिला प्रशासन, एसपी 11, मेयर 11 सहित समस्त सरकारी विभागों की टीमें टूर्नामेंट में शिरकत करती हैं। टूर्नामेंट न सिर्फ विभागों में बल्कि सभी वर्ग में बेहद लोकप्रिय है। जिसका प्रत्येक वर्ष दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। टूर्नामेंट के प्रत्येक मैच में हारने और जीतने वाली दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों, कोच और अतिरिक्त खिलाड़ियों को भी आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया जाता है। टूर्नामेंट के अंत में भी कई खास इनाम खिलाड़ियों को प्रदान किए जाते हैं। प्रत्येक वर्ष टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण भी किया जाता है। इस वर्ष भी यूट्यूब चैनल पर टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण होगा। जिसे एलईडी स्क्रीन के माध्यम से मैदान पर भी प्रसारित किया जाएगा।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट व हाईटेक बस स्टैण्ड निर्माण कार्यों को समय सीमा में करें पूर्णः महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम द्वारा प्रगतिनगर दर्री में भारत सरकार के अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत 33 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्मित कराया जा रहा है। इस प्लांट के माध्यम से कोरबा शहर के 11 बड़े नालों से उत्सर्जित प्रदूषित जल का शुद्धिकरण किया जाएगा, इससे इन 11 बडे. नालों से निकलने वाला गंदा पानी हसदेव नदी में मिलकर उसे प्रदूषित नहीं कर पाएगा। साथ ही ट्रीटेड जल का उपयोग एनटीपीसी के द्वारा अपने संयंत्र संचालन आदि कार्यों में किया जाएगा।

**खास बात**

- महापौर ने प्रगतिनगर दर्री में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया औचक निरीक्षण



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करती महापौर।

उक्त बातें महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने एवं समयसीमा में पूर्ण करने अभियंताओं को दिशा निर्देश दिया। इसी प्रकार निगम द्वारा प्रतीक्षा बस स्टैण्ड जमनीपाली दर्री में हाईटेक बस स्टैण्ड निर्माण के तहत बस डिपो का निर्माण, एडमिन बिल्डिंग निर्माण, आंतरिक अधोसंरचना विकास, सबस्टेशन की स्थापना सहित अन्य विविध कार्य कराए जा रहे हैं, जो वर्तमान में प्रगति पर हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने स्थल पर पहुंचकर इन सभी कार्यों की कार्यप्रगति का सघन रूप से अवलोकन किया, कार्यो को देखा तथा कार्यों में अपेक्षित गति लाते हुए समयसीमा में कार्य को पूरा करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर पूर्व पार्षद दीपक यादव, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, सोमनाथ डेहरे, प्रमोद जगत, मुस्ताक अहमद, कौशल आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### शादीशुदा युवक...

जहां अभी नहर में पानी नहीं होने से नहर के तल पर ही मौजूद थे देर रात लगभग एक से 1:30 बजे के बीच शुभम नायडू और निशा के बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि शुभम नायडू ने अपने पास रखे चाकू से पहले अपनी प्रेमिका निशा के गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया और कुछ क्षण बाद शुभम ने अपने गर्दन पर भी चाकू रेत दिया। फिर क्या था दोनों खून से लहू लुहान हो गए और शुभम नायडू की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि निशा ने मोबाइल पर वीडियो कॉल और मोबाइल फोन के माध्यम से इसकी सूचना अपने पिता और परिजनों को दी। जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना बिलासपुर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बिलासपुर पुलिस ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को दी। जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और शुभम नायडू और उसकी प्रेमिका निशा उर्फ प्रतिक्षा को देर रात को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत शुभम नायडू को मृत घोषित कर दिया जबकि निशा को प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर शुभम नायडू की पत्नी नंदिता नायडू और उसके परिजन कोरबा मेडिकल अस्पताल पहुंचे जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई की और बयान लेने के बाद पुलिस ने शुभम नायडू के शव को उसके परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फुटबाल के हीरो...

गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बच्चों की प्रतिभा और अनुशासन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर बाईचुंग भूटिया ने मैदान में मौजूद बच्चों से सीधा संवाद किया और उन्हें अनुशासन, मेहनत, टीमवर्क और खेल भावना का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि सही प्रबंधन, बेहतर मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास से कोई भी खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकता है। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों के मार्गदर्शन में बच्चों के साथ मैदान पर फुटबॉल अभ्यास, पासिंग ड्रिल और छोटे मुकाबले भी कराए गए, जिससे नन्हे खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला।

### अश्लील वीडियो...

वीडियो भेजकर पैसों की मांग कर प्रताड़ित किया जा रहा था जिससे तंग आकर नितेश कुमार ने यह आत्मघाती कदम उठाया। मामले में पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 306 भादिव के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

### किशोर चंद्र बने...

मजबूत सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा मिला है। निरंतर सीखने के प्रबल समर्थक श्री पात्र ने पावर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट (पीएमआई) तथा अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उनके प्रशिक्षण में सुरक्षा नेतृत्व, उन्नत प्रबंधन, बॉयलर डिज़ाइन एवं अनुरक्षण, वित्तीय प्रबंधन, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, सततता तथा तकनीकी कौशल विकास शामिल हैं।

# तकनीकी नवाचार से जिले ने रचा नया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले ने कृषि विकास के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। बीज निगम द्वारा संचालित बीज उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 में जिले ने न केवल अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया, बल्कि उससे लगभग 150 प्रतिशत अधिक पंजीयन कर एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्थापित किया। यह उपलब्धि कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा उप संचालक कृषि डी.पी.एस. कंवर की सतत निगरानी में संभव हो सकी।

जिले के लिए निर्धारित 135 हेक्टेयर के लक्ष्य के विरुद्ध कुल 201.375 हेक्टेयर में बीज उत्पादन हेतु किसानों का पंजीयन किया गया। पिछले वर्षों की तुलना में किसानों की सहभागिता में आई यह भारी वृद्धि प्रभावी रणनीति, तकनीकी नवाचार और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन का स्पष्ट संकेत है। बीज उत्पादन कार्यक्रम में यह प्रगति न केवल जिले की कृषि क्षमता को दर्शाती है, बल्कि किसानों के बीच बढ़ते विश्वास और जागरूकता को भी प्रमाणित करती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पंजीकृत किसानों द्वारा उत्पादित बीजों का प्रमाणीकरण, भंडारण और वितरण निर्धारित मानकों के अनुसार किया जाएगा, जिससे आगामी रबी सीजन में किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध हो सकेंगे।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार
20 वर्षों से स्थाई के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

SANJEEVA CARE
"Medicine Specialty Hospital"

# SANJEEVA CARE

"जहाँ हर जीवन को मिले नई ऊर्जा, विश्वास और नवजीवन"

**परिचय–** संजिवा केयर केवल एक अस्पताल नहीं है - यह उपचार और नवजीवन का एक आश्रय है, जिसकी प्रेरणा अमर संजीवनी बूटी से ली गई है। करुणा में निहित और नवाचार से सशक्त, हम विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो सुलभ, पारदर्शी और विश्वसनीय है।

**"संजिवा केयर - विश्वास से उपचार, करुणा से नवीनीकरण, और स्पष्टता से विकास।"**

**विजन और मिशन-** भारत में गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाओं का एक मानक संस्थान बनना। हर रोगी को केवल उपहार ही नहीं, बिल्क सम्मान, सुरक्षा और संपूर्ण देखभाल का अनुभव प्रदान करना।

## 7 स्टार देखभाल का अर्थ हमारे लिए क्या है?

यह केवल सुविधाओं का नाम नहीं, बल्कि उस एहसास का नाम है, जहां रोगी और उसका परिवार खुद को सुरक्षित, समझा हुआ और सम्मानित महसूस करे।



## संजिवा केयर कोरबा को समर्पित-

संजिवा केयर एक नई चिकित्सा परंपरा की शुरुआत कर रहा है- जहाँ विश्व-स्तरीय सुविधाएँ और मानवीय संवेदना एक साथ चलती हैं।




EMERGENCY 24/7 HOURS SERVICES

**जब जीवन आपके हाथों से फिसलता सा लगे... तब आपको केवल इलाज नहीं, एक भरोसेमंद स्थान चाहिए**

**Dr. Ashish Agrawal**
Director

**Dr. Saghir Khan**
CEO

Project managed by-
AR. SOURABH JOGI
+91 9179522286

## संजिवा केयर विशेष और समग्र स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करता है:-

- डायबिटीज़ केयर – नियंत्रण, रोकथाम और प्रबंधन के लिए समग्र प्रोग्राम।
- कार्डियोलॉजी – हृदय स्वास्थ्य हेतु उन्नत जाँच और उपचार।
- चिकित्सा - बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, निमोनिया, स्ट्रोक, सांस लेने में कठिनाई, दिल का दौरा, गुर्दे की विफलता, जुकाम, तीव्र आंत्रशोथ, और अन्य सभी चिकित्सा से संबंधित रोग ।
- ICU और HDU– 24x7 आपातकालीन देखभाल और उन्नत मॉनिटरिंग।
- इन-पेशेंट वार्ड – जनरल, सेमी-प्राइवेट, प्राइवेट, डीलक्स रूम और स्वीट रूम।
- डायग्नोस्टिक्स और लैब – आधुनिक प्रयोगशाला और इमेजिंग सुविधाएँ।
- फार्मेसी – उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं के साथ इन-हाउस फार्मेसी।
- प्रिवेंटिव हेल्थ पैकेज – डायबिटीज, कार्डियक, एग्जीक्यूटिव, महिला स्वास्थ्य और कॉर्पोरेट योजनाएँ।

**SANJEEVA CARE**
NEXT TO AURA FURNISHING, RAJASTHAN HANDLOOM, T.P. NAGAR ROAD KORBA (C.G.)
74703 19931

## खबर संक्षेप



### सर्व हिंदू संगठन की बैठक संपन्न

**कोरबा।** सप्तदेव मंदिर परिसर में हिंदू नारायणी सेना के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल के तत्वाधान में सर्व हिंदू संगठन की संयुक्त बैठकें संपन्न हुए। जिनका मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म के संरक्षण, आपसी एकजुटता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागृति को बढ़ावा देना था। बैठक की शुरुआत हनुमान चालीसा से हुई साथ ही हिंदू समाज को संगठित होकर अपनी संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प लिया गया। साथ ही आने वाले हिंदू नव वर्ष को भव्य रूप से मनाने और विशेष तैयारी को लेकर चर्चा किया गया।

### पंच कुंडीय मानस यज्ञ कल से

**कोरबा।** ललमटिया घाट ट्रक साइडिंग संकट मोचन हनुमान मंदिर ओमपुर रजगामार में पंच कुंडीय मानस यज्ञ श्री राम कथा का आयोजन 6 फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित किया गया है। जिसमें कथा वाचक श्याम कुंज महाराज प्रत्येक दिन सुबह 8 बजे से 1 बजे एवं 3 बजे से 5 बजे कथा का रसपान कराएंगे।

### सतीश बने नगर मंडल सह कोषाध्यक्ष



**कोरबा।** भाजपा कोरबा नगर मंडल के ऊर्जावान कर्मठ एवं वार्ड क्रमांक 16 के सहसंयोजक सतीश केशरवानी को भाजपा कोरबा नगर मंडल का सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### वैष्णव निकुंज निवास तुमान में श्रीमद्भागवत कथा 6 मार्च से

**मड़वारानी।** करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तुमान स्थित वैष्णव निकुंज निवास में 6 से 13 मार्च तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बलराम वैष्णव सपरिवार के तत्वावधान में संपन्न होगा। इस अवसर पर सिरली निवासी प्रख्यात कथावाचक पंडित बलराम प्रसाद पाण्डेय श्रीमद्भागवत महापुराण के अमृतमय प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, ज्ञान, वैराग्य, लीला एवं सदाचार का भावपूर्ण वर्णन करेंगे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन पूजा, रासलीला एवं भागवत के प्रमुख उपदेशों का संगीतमय प्रस्तुतीकरण किया जाएगा, जिससे श्रोतागण भाव-विभोर होंगे। कथा अवधि में प्रतिदिन प्रातःकाल तुलसी परिक्रमा, कथा श्रवण, भजन-कीर्तन एवं आरती का आयोजन होगा, जिससे संपूर्ण ग्राम एवं आसपास का क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत रहेगा। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### कटघोरा में मनाया गया रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम



**कटघोरा।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड कटघोरा द्वारा मुक्त बिजली बिल योजना व पीएम सूर्य घर पर रजत जयंती महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी तथा कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा बिजली से जुड़ी विभिन्न योजनाएं उपभोक्ताओं हेतु और ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा सुविधाओं के बिस्तर पर जानकारी दी। ग्रामीणों को नई ऊर्जा नीतियों उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध सुविधाएं और सोलर ऊर्जा से लाभों के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में महामंत्री कटघोरा संजय शर्मा, पार्षद पवन अग्रवाल, फरीद खान, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष डाकेश्वर शुक्ला, समजीत सिंह कार्यपालन यांत्रिक अंशु वासने, सहायक यांत्रिक शेखर सोनी, नारायण प्रसाद सोनी, रंजीत पैकरा, दिनेश पलके, कनिष्क यंत्री मंजू कंवर, मुजी तिग्गा, निकिता शिग उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस ने नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लॉक लगाने की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में 37वें सडक़ सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान लगातार चलाए गए अभियान से यातायात व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिला है। बावजूद इसके कुछ वाहन चालक अब भी ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करते नजर आ रहे हैं। ऐसे मामलों में ट्रैफिक पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कई भारी वाहनों को लॉक कर चालकों पर पेनल्टी लगाई।

यह कार्रवाई शहर के प्रमुख और व्यस्त इलाके सर्वमंगला चौक, हसदेव कैनाल जोड़ा पुल, राताखार तथा दारी रूमगरा क्षेत्र के ध्यानचंद चौक के आसपास की गई। इन स्थानों पर भारी वाहनों को नो पार्किंग जोन में मनमाने तरीके से खड़ा कर दिया गया था, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही थी

### रुमगरा ध्यानचंद चौक पर हुई कार्यवाही

**खास बात**

- यातायात व्यवस्था में सुधार करने लगातार चलाया जा रहा है जागरुकता अभियान




और आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सूचना मिलने पर ट्रैफिक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने काफी मशक्कत करते हुए सडक़ किनारे खड़े वाहनों को हटवाया और यातायात को सुचारू कराया। नियम तोडऩे वाले वाहन चालकों के खिलाफ लॉक लगाने की कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी वसूला गया। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, डीएसपी ट्रैफिक डीके सिंह के मार्गदर्शन तथा निरीक्षक तेज यादव के नेतृत्व में की गई। इस अभियान में ट्रैफिक पुलिस टीम के मनोज राठौर, रामनारायण, ईश्वर लहरे सहित हेड कांस्टेबल और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में लक्ष्य से कम हुई धान की खरीदी

# कम खरीदी के बाद अब ऋण वसूली का बढ़ा दबाव सहकारी बैंक ने बंटा हैं 84 करोड़ से अधिक का ऋण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान खरीदी सीजन के दौरान जिले में लक्ष्य से कम खरीदी होने के बाद सहकारी बैंक पर अब ऋण वसूली का दबाव बढ़ने जा

**खास बात**

- किसानों के भुगतान से वसूली का है प्रावधान

रहा है। कई तरह के पेंच में फंसे किसानों के द्वारा धान नहीं बेचा गया था। ऐसे किसानों को दिए गए ऋण की वसूली करने के लिए बैंक प्रबंधन को तगड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। हालांकि प्रबंधन शत प्रतिशत वसूली की बात कहता है।

खेती के मौसम के पूर्व किसानों को प्रतिवर्ष कृषि ऋण का वितरण किया जाता है जिसकी वसूली बैंक के द्वारा खरीदी के दौरान किसानों को किए जाने वाले ऋण से की जाती है। इस वर्ष जिला सहकारी बैंक की सभी शाखाओं के द्वारा 84 करोड़ से अधिक के ऋण का वितरण किया गया है। जिसकी वसूली धान बेचने वाले किसानों को किए जाने वाले भुगतान राशि से की जाती है। इस वर्ष भी धान खरीदी के दौरान किसानों को भुगतान राशि से वसूली की कार्यवाही की गई है। लक्ष्य से कम खरीदी होने के कारण ऋण वसूली भी प्रभावित हुई है। इस वर्ष जिले को धान खरीदी का 30 लाख क्विंटल लक्ष्य मिला था उसके विरुद्ध 27 लाख 38 हजार 120 क्विंटल की खरीदी की गई है। खरीदी के दौरान भुगतान की जाने वाली राशि से जिला सहकारी बैंक के द्वारा 74 हजार 30 लाख रुपए की वसूली हुई है। लगभग 10 करोड़ रुपए बकाया बताई जा रही है। इस राशि की वसूली के लिएबैंक पर दबाव बढ़ेगा। खरीदी के दौरान वसूली की कार्यवाही में सहकारी बैंक प्रबंधन के द्वारा शत प्रतिशत वसूली कर ली गई है। दो दिन खरीदी और की जाएगी इससे वसूली का आंकड़ा और भी बढ़ेगा। जिसकी तैयारी सभी ब्रांचों में की जा रही है।


भुगतान के लिए बैंक पहुंचे किसान।

### समितियों से जारी होगी नोटिस

जिन किसानों से कृषि ऋण वसूलना शेष है ऐसे किसानों को समितियों से ऋण वसूली के लिए नोटिस जारी की जाएगी। किसान ऋण की बकाया राशि समिति में जमा कर सकते हैं या बैंक जाकर जमा कर सकते हैं।

**-प्रभात मिश्रा,** सीईओ, जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक बिलासपुर

### बरपाली ब्रांच से बंटा सर्वाधिक ऋण

जिला सहकारी बैंक की बरपाली शाखा से सर्वाधिक ऋण का वितरण किया गया है। ब्रांच मैनेजर सतीश राठौर के मुताबिक 25 करोड़ 12 लाख रुपए ऋण के रुप में वितरण किया गया है जो जिले में सबसे अधिक वितरण है। इसी तरह कोरबा ब्रांच से 17 करोड़ 76 लाख रुपए, कटघोरा से 10 करोड़ 25 लाख, पोड़ी उपरोड़ा से 13 करोड़ 49 लाख, पाली से 10 करोड़ 20 लाख, दीपका से 6 करोड़ 69 लाख रुपए सबसे कम ऋण का वितरण किया गया है।

# स्वामी भजनानंद सेवा आश्रम में 45वें विष्णु महायज्ञ व सामूहिक विवाह की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा




केंदई मोरगा स्थित स्वामी भजनानंद वनवासी आश्रम में ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर स्वामी शारदानंद सरस्वती जी महाराज की पुण्यस्मृति तथा परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में 45 वाँ विष्णु महायज्ञ एवं 26 वां सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन 9 से प्रारंभ होकर 17 फरवरी को संपन्न होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत 9 फरवरी को कलश यात्रा एवं यज्ञशाला प्रवेश के साथ होगी इसके पश्चात प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत हवन-पूजन, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे विद्वान आचार्यों द्वारा यज्ञ संपन्न कराया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु आहुतियाँ अर्पित कर विश्व शांति, जनकल्याण एवं समृद्धि की कामना करेंगे। महायज्ञ के साथ 17 फरवरी को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें अनेक नवयुगलों का वैदिक रीति-रिवाज से विवाह संपन्न कराया जाएगा आश्रम प्रबंधन द्वारा नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन की आवश्यक सभी सामग्री भेंट स्वरूप प्रदान की जाएगी यह आयोजन समाज में समरसता, सहयोग एवं सेवा भावना को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद जी महाराज श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार एवं सेवा के महत्व पर प्रवचन देंगे साथ ही ब्रह्मलीन स्वामी शारदानंद सरस्वती जी महाराज के तपस्वी जीवन, आध्यात्मिक साधना एवं समाजसेवा को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश दिया जाएगा। आयोजन समिति ने बताया कि यह विष्णु महायज्ञ विगत 44 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आध्यात्मिक चेतना जागृत करना तथा जरूरतमंद परिवारों को सामाजिक सहयोग प्रदान करना है कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था रहेगी।

# साहू समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उद्योग मंत्री देवांगन ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तैलिक विकास समिति बालको नगर द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल

**खास बात**

- उद्योग मंत्री ने साहू समाज बालको के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में 20 लाख के कार्यों का किया भूमिपूजन

देवांगन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री देवांगन द्वारा साहू समाज की आराध्य ,कुलदेवी, भक्त शिरोमणि माता कर्मा के तैलचित्र में पुष्पमाला अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। श्री देवांगन ने साहू समाज के जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन के लिए समाज को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि साहू समाज के लोग जहां भी कर्मचारी अधिकारी के रुप में कार्यरत हैं पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अपना कार्य करते हैं व विनम्रता व सरलता ही समाज की पहचान है। अतिविशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित महापौर संजू देवी राजपूत ने कहा कि साहू समाज की संगठन शक्ति काफी मजबूत है तथा पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला समाज कोई है तो साहू समाज है जो हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज के अध्यक्ष अमर दास साहू ने समिति द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों को सभी के मध्य रखा जैसे शिक्षा के लिए क्लास संचालन, आध्यात्मिक चेतना के लिए कार्यशाला, कर्मा जयंती, वनभोज,दानवीर भामाशाह जयंती, राजिम जयंती व भविष्य के विकास कार्यों के विषय में अपनी बात रखी। वार्षिक स्नेह सम्मेलन में श्री देवांगन ने आठवीं दसवीं बारहवीं में सर्वोच्च अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को नोनीबाई लेखराम साहू प्रावीण्यता सम्मान से सम्मानित किया साथ ही अपनी विशेष योग्यता से समाज का नाम रौशन करने वाले सदस्यों को समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया जिनमें कक्षा दसवीं सीबीएसई बोर्ड में पूरे प्रदेश में समाज का नाम रौशन करने वाली उर्वी साहू 98 प्रतिशत, कक्षा बारहवीं में पायल साहू 81 प्रतिशत, पूर्णय साहू 97प्रतिशत आठवीं में, रक्तदान हेतु रक्तवीर सम्मान राजशेखर साहू को, कला के क्षेत्र में प्रांजल साहू, आरोही साहू एवं खेल के क्षेत्र में दीप्ति साहू व जानवी साहू को समाज रत्न सम्मान के रुप में स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।


प्रतिभावान छात्र को सम्मानित करते उद्योग मंत्री।

# पोटापानी में रुकवाया गया बाल विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बसंत मिंज के निर्देशन में बाल विवाह की रोकथाम हेतु सतत निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में परियोजना पाली अंतर्गत ग्राम पोटापानी से बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुई, जिसमें एक नाबालिक बालक के विवाह की जानकारी सामने आई। सूचना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल सत्यापन कराया गया, जिसमें नाबालिक बालक के विवाह की तैयारियों की पुष्टि हुई। पुष्टि उपरांत पर्यवेक्षक, आईसीपीएस टीम एवं थाना प्रभारी, पाली के संयुक्त दल द्वारा मौके पर पहुंचकर त्वरित हस्तक्षेप किया गया। संयुक्त दल द्वारा संबंधित परिवारजनों एवं ग्रामीणों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा बाल विवाह के कानूनी दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। दल के प्रयासों से नाबालिक बालक का विवाह सफलतापूर्वक रुकवाया गया। साथ ही परिवार को यह स्पष्ट रूप से समझाया गया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। संबंधित पक्षों को भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति न करने हेतु समझाइश दी गई एवं आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। इस दौरान पर्यवेक्षक ज्योति सोनी, पुलिस विभाग से एएसआई अफसर हुसैन खान और आरक्षक हेमंत कुर्रे पंचायत सचिव कृष्णा यादव, चाइल्ड लाइन से अमित खैरवार उपस्थित थे।


कार्यवाही करती विभाग की टीम।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## 4 से 7 फरवरी के बीच बहतराई स्टेडियम में होगा आयोजन

# एसईसीएल में सीआईएल अंतर-कंपनी हॉकी प्रतियोगिता में भिड़ेंगी 8 टीमें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के तत्वाधान में कोल इंडिया अंतर-कंपनी हॉकी प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य एवं उत्साहपूर्ण शुभारंभ स्व. बी.आर. यादव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैदान, बहतराई, बिलासपुर में सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन में ऊर्जा, अनुशासन एवं खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह प्रतियोगिता 4 से 7 फरवरी तक आयोजित की जाएगी, जिसमें विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के मध्य रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन उपस्थित रहे। इसके साथ ही रोहताश्व बाजपेयी, अध्यक्ष, हॉकी बिलासपुर, श्रमसंघ प्रतिनिधियों में एसईसीएल कल्याण मण्डल के सम्मानित सदस्य बजरंगी शाही, राजेश शर्मा एवं पी. चंद्रकांत की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम सभी टीमों द्वारा आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत कर अतिथियों को सलामी दी गई। इसके पश्चात निदेशक मंडल एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा गोल पोस्ट पर प्रतीकात्मक गोल कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया गया। अतिथियों द्वारा सभी टीमों के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उन्हें आगामी मैचों हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की गईं। अपने संबोधन में श्री बिरंची दास ने कहा खेल संगठन में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह प्रतियोगिता कोल इंडिया परिवार की खेल भावना और समन्वय का प्रतीक है। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों का भंगरा नृत्य से जोरदार स्वागत किया गया साथ ही एसईसीएल कर्मियों द्वारा एक स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही एसईसीएल मुख्यालय कल्याण मंडल समिति, जेसीसी सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य, समस्त काउंसिल एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में खेले गए मुकाबलों में एसईसीएल ने ईसीएल को 8-0 से पराजित किया, एनसीएल ने बीसीसीएल को 4-1 से हराया, सीसीएल ने एससीसीएल को 3-1 से पराजित किया, एमसीएल ने डब्ल्यूसीएल को 1-0 से हराया, एसईसीएल ने बीसीसीएल को 6-0 से शिकस्त दी एवं अंतिम मैच में एनसीएल ने ईसीएल को 4-0 से पराजित किया।



मार्च पास्ट करते हुए खिलाड़ी।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 12 मार्च से 22 मार्च 2026 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी

राशि :- स्लीपर 14,900/-, 3 एसी-23,900/-, 2 एसी 28,900/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354 411411